**दिनांक–30.06.2026 को अभियंता प्रमुख (बाढ़), जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में गन्ना कृषि क्षेत्रों से जल–जमाव के निराकरण हेतु चिन्हित योजनाओं के अद्यतन प्रगति की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

दिनांक–30.06.2026 को अभियंता प्रमुख (बाढ़), जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में गन्ना कृषि क्षेत्रों से जल–जमाव के निराकरण हेतु चिन्हित योजनाओं पर की गई कार्रवाई की समीक्षा संबंधित मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता के साथ V.C के माध्यम से की गई।

बैठक में गन्ना कृषि क्षेत्रों में जल–जमाव के निराकरण हेतु दिनांक–27.04.2026 को दिये गये निदेशो के अनुपालन की समीक्षा की गई जिसमें मुख्यतः गन्ना कृषि क्षेत्रों में जल जमाव के निराकरण हेतु किये जा रहे भू–अर्जन कार्य एवं जिला में उपलब्ध कराई गयी तकनीकी रुप से स्वीकृत योजनाओं के कार्रवाई पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य अभियंता मुजफ्फरपुर/गोपालगंज/समस्तीपुर परिक्षेत्राधीन चिन्हित कुल 352 योजनाओं में से 267 योजनाओं का तकनीकी स्वीकृति प्रदान कर इसमें कुल 222 योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति संबंधित जिला के सक्षम प्राधिकार एवं नोडल पदाधिकारी से प्राप्त हो गई है। इनमें से 117 योजनाओं को NREGA SOFT में अपलोड कर ली गई है, जिसमें से 25 योजनाओं में कार्य प्रारम्भ है।

इसके अतिरिक्त वृहद अवधि में कार्यान्वित की जाने वाली योजना यथा मृत बागमती के गाद उड़ाही कार्य एवं सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रीगा सुगर क0 लि0 मिल से प्राप्त पत्र पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई।

- **समीक्षात्मक बैठक के दौरान दिये गये निदेश निम्नवत् है :-**

1. दिनांक 27.04.2026 को प्रधान सचिव महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में निर्गत कार्यवाही प्रारूप का अनुपालन प्रतिवेदन 2 दिवस के अंदर विभाग को उपलब्ध कराए। साथ ही 352 योजनाओं में से अब तक मात्र 25 योजनाओं में कार्य प्रारम्भ हो सका है, जो की खेदजनक है। इस संबंध में शेष बचे योजनाओं में प्रगति नहीं होने के कारणों का समीक्षा कर संबंधित मुख्य अभियंता मंतव्य सहित प्रतिवेदन उपलब्ध कराये।

   **(अनुपालनः-मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर/गोपालगंज/समस्तीपुर)**

2. बैठक में कार्यपालक अभियंता, जल निस्सरण प्रमंडल, समस्तीपुर द्वारा बताया गया कि मृत बागमती नदी के गाद उड़ाही कार्य का D.P.R दिनांक 05.07.2026 तक विभाग को उपलब्ध करा दिया जाएगा।

   **(अनुपालनः-मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, समस्तीपुर/कार्यपालक अभियंता, जल निस्सरण प्रमंडल, समस्तीपुर)**

3. गन्ना कृषि क्षेत्रों से जल निकासी हेतु चिन्हित वैसी योजनाओं जिसमें भू-अर्जन का मामला है, पर की गई कार्रवाई का अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु मुख्य अभियंता, गोपालगंज/मुजफ्फरपुर को निदेशित किया गया।

   **(अनुपालनः- मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, गोपालगंज/ मुजफ्फरपुर)**

4. बैठक में मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर को निदेशित किया गया कि परिक्षेत्राधीन जिन प्रमंडलों द्वारा गन्ना कृषि क्षेत्रों से जल निकासी हेतु चिन्हित योजनाओं पर कार्रवाई की जा रही है, के साथ बैठक कर योजना का प्रगति प्रतिवेदन मंतव्य के साथ उपलब्ध कराए । रीगा चीनी मिल से प्राप्त आवेदन के आलोक में समर्पित किये गये प्रतिवेदन पर विभागीय पत्रांक-2292 दिनांक-04.06.2026 से की गई पृच्छा एवं कार्यपालक अभियंता, जल निस्सरण प्रमंडल, बेतिया द्वारा दिनांक 27.04.2026 से अब तक गन्ना कृषि से संबंधित योजनाओं पर की गई कार्रवाई का अनुपालन प्रतिवेदन मंतव्य सहित उपलब्ध कराए।

   **(अनुपालनः-मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर)**

5. कंडिका-01 से कंडिका-04 का अनुपालन प्रतिवेदन निश्चित रूप से 2 दिवस के अन्दर विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

**(अनुपालनः-मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर/गोपालगंज/समस्तीपुर)**

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ V.C के माध्यम से समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न हुई।

01/07/2026

(वरूण कुमार)
अभियंता प्रमुख (बाढ़)

ज्ञापांक- बाढ़(मो0)सिं0-24/2026(अंश)- 2675 /पटना, दिनांक- 01-07-2026

प्रतिलिपि- मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, समस्तीपुर/मुजफ्फरपुर/गोपालगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

01/07/2026

(वरुण कुमार)
अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण

ज्ञापांक- बाढ़(मो0)सिं0-24/2026(अंश)- 2675 /पटना, दिनांक- 01-07-2026

प्रतिलिपि- अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनेटरिंग अंचल-4, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

01/07/2026

(वरुण कुमार)
अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण

ज्ञापांक- बाढ़(मो0)सिं0-24/2026(अंश)- 2675 /पटना, दिनांक- 01-07-2026

प्रतिलिपि- सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

01/07/2026

(वरुण कुमार)
अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण

ज्ञापांक- बाढ़(मो0)सिं0-24/2026(अंश)- 2675 /पटना, दिनांक- 01-07-2026

प्रतिलिपि-कार्यपालक अभियंता, आई०टी०, जल संसाधन विभाग, पटना को संबंधितों के ई-मेल करने एवं बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

01/07/2026

(वरुण कुमार)
अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण